संपादकीय

# ग्रैंड नैरेटिव का एपिसोड

ये सारा प्रकरण देश में चलाए जा रहे बड़े राजनीतिक कथानक का सिर्फ एक एपिसोड भर है। ऐसे एपिसोड अलग-अलग रूपों में लगभग रोजमर्रा के रूप में चलते रहते हैं। ये धारावाहिक कथा इतना शक्तिशाली है कि उसने बड़े हिस्से को रोजी-रोटी के प्रश्नों को भूल कर इस कथा में खोने के लिए प्रेरित कर रखा है।

दिल्ली के बुराड़ी में ऐसा आयोजन हुआ, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले उत्तेजक भाषण दिए गए। सबको मालूम है कि यह ऐसा पहला आयोजन नहीं है। इस बार इसमें एक मामला यह जुड़ा कि आयोजन में जुटी भीड़ ने पत्रकारों पर हमला किया। पहचान होने के बाद मुस्लिम पत्रकारों को खास निशाना बनाया गया। दूसरी अलग बात यह रही कि दिल्ली पुलिस ने इस आयोजन की सोशल मीडिया के लिए लगातार खबर देने वाले एक मुस्लिम पत्रकार और एक न्यूज पोर्टल पर ही मुकदमा ठोक दिया है। एफआईआर आयोजन में उत्तेजक भाषण देने वालों पर ही दर्ज हुई है। लेकिन खबर देने वालों को लपेटना आखिर पुलिस की किस नीति को दर्शाता है? सबसे उत्तेजक भाषण यति नरसिंहानंद सरस्वती ने दिया। यह वही नरसिंहानंद हैं, जिन्हें पिछले साल दिसंबर में हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय धर्म संसद में भड़काऊ बयान देने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वे जमानत पर हैं। रविवार को दिल्ली की हिंदू महापंचायत में उन्होंने कहा- अगर कोई मुसलमान भारत का प्रधानमंत्री बनता है तो 20 सालों में 50 फीसदी हिंदुओं का धर्मांतरण हो जाएगा। फिर उन्होंने हिंदुओं का आह्वान किया कि वे अपने अस्तित्व को बचाने के लिए हथियार उठा लें। यह गौरतलब है कि इस महापंचायत के लिए दिल्ली पुलिस ने इजाजत नहीं दी थी। इसके बावजूद ऐसा आयोजन करना अपने-आप में अपराध है। पुलिस के मुताबिक उसने भड़काऊ बयान के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। बहरहाल, ये सारा प्रकरण चाहे जितना आपत्तिजनक हो, इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि यह देश में चलाए जा रहे बड़े राजनीतिक कथानक का सिर्फ एक एपिसोड है। ऐसे एपिसोड अलग-अलग रूपों में लगभग रोजमर्रा के रूप में चलते रहते हैं। ये धारावाहिक कथा इतना शक्तिशाली है कि उसने हिंदु समुदाय के एक बड़े हिस्से को रोजी-रोटी के मुद्दों और रोजमर्रा की अपनी समस्याओं को भूल कर इस कथा में खोने के लिए प्रेरित कर रखा है। इससे देश के सत्ताधारियों को तमाम तरह की लोकतांत्रिक जवाबदेहियों की अनदेखी करने की सुविधा मिली हुई है। इसलिए पुलिस के व्यवहार पर आक्रोश जताना भले जायज हो, लेकिन उससे कुछ हासिल नहीं होगा। असल सवाल है कि क्या इस ग्रैंड नैरेटिव का जवाब विपक्ष या उन लोगों के पास है, जिन्हें इस कथानक से परेशानी होती है?

# खेत से लेकर रसोई तक पहुंची रुस-यूक्रेन युद्ध की आंच

**नई दिल्ली ।** रूस-यूक्रेन युद्ध को करीब डेढ़ महीना हो चुका है। इससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को तगड़ा झटका लगा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। युद्ध से बाधित आपूर्ति श्रंखला और महंगे कच्चे तेल ने अब हर तबके पर असर डालना शुरू कर दिया है। बीते दो महीने में खेती से लेकर खाने-पीने के सामान पर महंगाई का असर दिखने लगा है।

महंगे फर्टिलाइजर से सब्सिडी खर्च बढ़ेगा

रूस, यूक्रेन और बेलारूस फर्टिलाइजर्स के बड़े उत्पादक हैं, लेकिन युद्ध के कारण इनकी आपूर्ति प्रभावित हुई है। इस कारण फर्टिलाइजर्स की कीमत बढ़ी है।

रूस और यूक्रेन से भारत में 10 फीसदी फर्टिलाइजर्स आता है

भारत का सब्सिडी खर्च 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है

इस साल देश में 20 फीसदी तक बढ़ी डीएपी की कीमत

2021 में 40 से 60 फीसदी बढ़े थे फर्टिलाइजर्स के दाम

रूस और यूक्रेन खाद्य तेलों के बड़े आपूर्तिकर्ता है। युद्ध की वजह से इनकी आपूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में सभी खाद्य तेलों के दाम बढ़ रहे हैं। हालांकि, सरसों तेल राहत दे रहा है।

90 फीसदी सनफ्लॉवर तेल का आयात रूस-यूक्रेन से

23 फीसदी बढ़ी सनफ्लॉवर तेल की कीमत दो महीनों में

11 फीसदी महंगे हुए वनस्पति-सोयाबीन तेल इस अवधि में

17 फीसदी से ज्यादा महंगा हुआ पाम तेल युद्ध के बाद

युद्ध के कारण कच्चा तेल उच्च स्तर पर चल रहा है। अब यह घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ा रहा है। इससे माल ढुलाई समेत हर वर्ग की जेब पर बोझ बढ़ा है।

10 रुपये से ज्यादा महंगे हुए पेट्रोल-डीजल 18 दिन में

100 रुपये के पार पहुंचा पेट्रोल देश के अधिकांश शहरों में

50 फीसदी बढ़ी विमान ईंधन की कीमत 2022 में अब तक

30 फीसदी तक बढ़ोतरी की संभावना माल ढुलाई में

युद्ध के कारण पैदा हुई महंगाई से घर बनाने से लेकर वाहन निर्माण तक के कच्चे माल की कीमत बढ़ गई है। वाहन निर्माता कंपनियां दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

5वीं बार कीमतों में बढ़ोतरी करने की तैयारी में मारुति सुजुकी

79 फीसदी हिस्सेदारी होती है कच्चे माल की वाहन की कीमत में

20 फीसदी तक बढ़ी स्टील की कीमत 2022 में अब तक

10 फीसदी महंगी हुई सीमेंट मार्च में मासिक आधार पर

# 6 दिन में 9 रुपये महंगी हुई सीएनजी, एक महीने में 10वीं बार बढ़े दाम

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी के दाम में फिर 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। बीते एक महीने में सीएनजी के दाम 10वीं बार बढ़ाए गए हैं। नवीनतम वृद्धि ने छह दिनों में सीएनजी को 9 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक महंगा कर दिया है, जिससे बस, कार, टैक्सी और माल वाहक वाहन भाड़ा बढ़ने की आशंका है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में सीएनजी की कीमत 69.11 रुपये प्रति किलो हो गई है। आईजीएल राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सीएनजी और पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की खुदरा बिक्री करती है।

कुल मिलाकर बीते एक महीने में सीएनजी के दाम 13.1 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। एजेंसी द्वारा एकत्रित आंकड़ों के मुताबिक एक साल में सीएनजी की कीमतों में 25.71 रुपये प्रति किलो या 60 फीसदी की वृद्धि की गई है। हालांकि पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 41.61 रुपये प्रति घन मीटर है।

सरकार ने एक अप्रैल से प्राकृतिक गैस की कीमतों को दोगुना से अधिक कर 6.1 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) कर दिया है। इसके बाद सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में वृद्धि हुई है।

तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की। बुधवार को देश में पिछले 18 दिन में 14वीं बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि हुई थी। इस दौरान पेट्रोल-डीजल के दामों में तकरीबन 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आई है। कंपनियों ने 24 मार्च, 01 अप्रैल, गुरुवार और आज को छोड़कर हर दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए हैं।

# हार के बाद ऋषभ पंत को एक और झटका, लाखों रुपये का भरना होगा जुर्माना

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायन्ट्स के बीच मैच खेला गया, जिसे केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम ने छह विकेट से अपने नाम कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को इस मैच को गंवाने के बाद एक और झटका लगा है। पंत को इस मैच में स्लो ओवर-रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना भरना होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने तय समय में कम ओवर फेंके और कप्तान पंत को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग ने इसकी पुष्टि की है। आईपीएल के बयान के मुताबिक, दिल्ली कैपिटल्स पर स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। यह आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट में में आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स का पहला अपराध है इसलिए पंत को 12 लाख रुपये जुर्माने के तौर पर भरने होंगे। दिल्ली कैपिटल्स को इस मैच में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस सीजन में यह दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी हार है, वहीं लखनऊ सुपर जायन्ट्स ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की है।

# वाहनों का फिटनेस टेस्ट ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों में ही कराना होगा

**नई दिल्ली।** अगले दो सालों में चार पहिया व्यवसायिक और निजी वाहनों को ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) में वाहनों की फिटनेस टेस्ट करना अनिवार्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने इस बाबत पांच अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें उल्लेख है कि अप्रैल 2023 से व्यवसायिक व जून 2024 से निजी वाहनों पर यह नियम लागू कर दिया जाएगा।

सडक़ परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि एक अप्रैल, 2023 से एटीएस के जरिये भारी व्यवसायिक वाहनों और भारी यात्री वाहनों के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य होगा, जबकि मध्यम आकार के व्यवसायिक ढुलाई वाहनों या मध्यम यात्री व्यवसायिक वाहनों और हल्के मोटर वाहनों (निजी वाहनों) के लिए यह नियम एक जून, 2024 से प्रभावी कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने गत दो फरवरी को प्रारूप अधिसूचना जारी कर हितधारकों से सुझाव-आपत्ति मांग थी। इसके पश्चात इसे लागू करने की अंतिम अधिसूचना पांच अप्रैल को जारी कर दी है। केंद्र सरकार कबाड़ नीति के तहत वाहनों की फिटनेस टेस्ट स्टेशन के लिए 10 राज्यों में अत्याधुनिक मॉडल निरीक्षण-प्रमाणीकण (आई एंड सी) सेंटर स्थापित की अधिसूचना गत वर्ष 22 दिसंबर को जारी कर चुकी है।

इस मॉडल के आधार पर दूसरे राज्यों को अपने यहां आई एंड सी सेंटर स्थापित करने होंगे। आई एंड सी सेंटरों पर दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया, निजी व व्यवसायिक वाहनों की फिटनेस टेस्ट, प्रमाण पत्र व विशेष स्टीकर जारी किया जाएगा। यहां पर वायु प्रदूषण टेस्ट की सुविधा भी होगी।

दक्ष कर्मी व आधुनिक मशीनें करेंगी फिटनेस टेस्ट

आई एडं सी सेंटरों का स्टाफ फिटनेस टेस्ट कराने के लिए आने वाले वाहन का नंबर, वाहन मालिक का नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि जानकारी सरकार के वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। राज्य सरकार की वेबसाइट केंद्र सरकार के केंद्रीयकृत डाटा सेंटर से जुड़ी रहेग, जिससे देश के किसी भी हिस्से में वाहन की संपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकेगी। सेंटरों पर दक्ष कर्मियों व आधुनिक मशीनों की मदद से वाहनों की बॉडी, चेचिंस, पहिया, टायर, ब्रेकिंग सिस्टम, स्टेरिंग, लाइट आदि का टेस्ट किया जाएगा।

# बांद्रा और जयपुर के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन चलाएगा रेलवे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए बांद्रा और जयपुर के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन चलाने का फैसला किया है। हालांकि इस ग्रीष्मकालीन ट्रेन को विशेष किराए के साथ चलाया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और मांग के मद्देनजर पश्चिम रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस से जयपुर के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार, ये स्पेशल ट्रेन 09724 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 09.30 बजे

प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.55 बजे जयपुर पहुंचेगी।

पश्चिम रेलवे के अनुसार, ये ट्रेन 14 अप्रैल, 2022 से 30 जून 2022 तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09723 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल प्रत्येक बुधवार को जयपुर से 08.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून, 2022 तक चलेगी।

ये स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., चित्तौडग़ढ़, भीलवाड़ा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर ठहरेगी। इस ट्रेन में फस्ट एसी, एसी 2 टियर, एसी 3 टियर, स्लीपर क्लास और सेकेंड क्लास के जनरल कोच होंगे।

ट्रेन की बुकिंग 7 अप्रैल, 2022 से यात्री आरक्षण केंद्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी। यात्रियों को ट्रेनों के परिचालन समय, ठहराव और संरचना से संबंधित विस्तृत जानकारी रेलवे की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

# अनोखे टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगी 35 देशों की महिला क्रिकेटर्स

**दुबई ।** दुबई में मई से शुरू होने वाले अनोखे टी-20 टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की मरीजान कप्प, वेस्ट इंडीज टीम की कप्तान स्टेफनी टेलर, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स और पाकिस्तान की फातिमा सना जैसी अन्य बड़ी क्रिकेटर भूटान, ब्राजील और वानुआटू जैसे देशों के खिलाडय़ों के साथ खेलती नजर आएंगी।

लैंगिक समानता से जुड़े संगठन फेयरब्रेक की ओर से टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 35 देशों के खिलाड़ी छह टीमों के अंतर्गत एक मई से दुबई में 15 दिनों की अवधि में 19 मैच खेलेंगे, हालांकि हरमनप्रीत कौर और मिताली राज जैसे भारतीय खिलाडिय़ों की टूर्नामेंट में उपलब्धता फिलहाल सवालिया निशान है।

इन खिलाडिय़ों का टूर्नामेंट में शामिल होना लगभग तय था और हरमनप्रीत एक टीम की कप्तान भी बनने वाली थीं, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि महिला टी-20 चैलेंज के चलते शायद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से उन्हें इस प्रतियोगिता में खेलने की मंज़ूरी न मिले।

उल्लेखनीय है कि फेयरब्रेक की स्थापना 2013 महिला विश्व कप के बाद पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान लीसा स्थालेकर और पारस्परिक सवश्रेष्ठ प्रणाली विशेषज्ञ शॉन मार्टिन ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट लीग (डब्ल्यूआईसीएल) के रूप में की थी। उन्होंने तब से सर पॉल गेटी एकादश और विभिन्न डब्ल्यूबीबीएल के साथ प्रदर्शनी मैचों का आयोजन किया है, लेकिन यह उनके लिए एक मल्टी-टीम टूर्नामेंट का पहला आयोजन होगा। इस टूर्नामेंट को फेयरब्रेक इंविटेशनल कहा जाएगा और हॉन्ग-कॉन्ग क्रिकेट इसकी मेजबानी करेगा। मैचों को आईसीसी की मंजूरी भी मिली है।

फेयरब्रेक के साथ आईसीसी के पूर्ण सदस्यों के 40 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें डिएंड्रा डॉटिन, सुने लुस और सोफी डिवाइन भी मौजूद हैं। क्रिकइंफो के मुताबिक इंग्लैंड के कई खिलाड़ी केवल अपने बोर्ड से औपचारिक मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं और एसोसिएट देशों से लगभग 50 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगे।

# बजरंगी भाईजान को पछाड़कर तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी आरआरआर

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिया है। देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में इस फिल्म को पसंद किया जा रहा है। राम चरण, जूनियर एनटीआर, आलिया भट्ट और अजय देवगन के अभिनय से सजी फिल्म ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। अब एक अनोखा रिकॉर्ड इस फिल्म के साथ जुड़ गया है। आरआरआर सलमान खान की बजरंगी भाईजान को पछाड़कर तीसरी सबसे ज्यादा

कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राजामौली की आरआरआर तीसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन चुकी है। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 11 दिनों में दुनियाभर में 934 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड एक्सपर्ट की मानें तो यह फिल्म बहुत जल्द 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। उम्मीद है कि आरआरआर और भी कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम करेगी। आरआरआर ने कमाई के मामले में बजरंगी भाईजान और सीक्रेट सुपरस्टार को पीछे छोड़ दिया है। 2017 में आई सीक्रेट सुपरस्टार ने 830 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

# अभिनेत्री सयानी गुप्ता की फिल्म शेमलेस ओटीटी पर रिलीज

अभिनेत्री सयानी गुप्ता और अभिनेता हुसैन दलाल की फिल्म शेमलेस ओटीटी पर रिलीज की गई। इस फिल्म को भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा गया था। फिल्म अमेजॉन मिनी टीवी पर रिलीज की गई है।

फिल्म के प्रोड्यूसर गिरीश प्रभु ने कहा, हमें खुशी है कि हम एक ऐसी फिल्म पर्दे पर लाए हैं, जिसकी कहानी दर्शकों को पसंद आएगी।

शेमलेस कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित और शबीना खान द्वारा

निर्मित की गई है।

शेमलेस में सयानी और हुसैन ने शानदार किरदार निभाया है। हमें खुशी है कि अमेजॉन मिनीटीवी के साथ, देश भर के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। देवी कालरात्रि आपके जीवन से सभी बाधाएं दूर करेंगी। पार्टनरशिप से जुड़े मामलों पर किसी से बातचीत होगी। दोस्तों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे।

**वृष**- आज नवरात्रि के सातवें दिन पर मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाए रखेंगी। किस्मत का साथ मिलने से किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी। आप किसी नये काम को शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं।

**मिथुन**-आज आपको किसी अच्छी जगह पर परफॉर्मेंस करने का मौका मिलेगा। आपको कोई भी मौका गंवाना नहीं चाहिए। जीवनसाथी के सुझाव से आपको पैसा कमाने का कोई नया जरिया मिलेगा। आपके दाम्पत्य रिश्ते अच्छे रहेंगे।

**कर्क**- आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर देवी कालरात्रि आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां लाएंगी।

**सिंह** -आज के दिन मां कालरात्रि की उपासना से आप हर तरह के भय, आदि से दूर रहेंगे। आज शत्रु पक्ष आपसे दूरी बनाकर रहेगा। ऑफिस के काम में आपको पूर्ण सफलता मिलेगी। अधिकारी लोग आपके काम से प्रभावित होंगे।

**कन्या** -आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज आपको बच्चों की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी काम के नतीजों की अपेक्षा आपको अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। आज नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि चीजों को बेहतर बनाने में आपकी मदद करेगी।

**तुला** -आज आपका कोई पुराना मित्र मिलेगा। आपको उनसे मिलकर अच्छा लगेगा। मां कालरात्रि की कृपा से पैसों में आ रही परेशानी दूर होगी। कई दिनों से अटके सरकारी काम भी आज पूरे हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज शिक्षा के क्षेत्र में आपको कोई बड़ी कामयाबी मिलेगी। देवी कालरात्रि की कृपा से आपके कार्य अच्छे से पूरे होंगे। आपके धन के खजाने भरे रहेंगे। दोस्तों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा।

**धनु**- आज आप किसी काम के चलते दिन भर बिजी रहेंगे। आपको अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। काम के बीच कुछ समय अपने लिए निकालना फायदेमंद रहेगा। देवी मां आपकी यात्रा को सफल बनायेगी।

**मकर**- आज आपको अपना कॉन्फिडेंस बनाये रखना चाहिए। राजनीति से जुड़े लोगों कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे संभालने के लिये आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कुंभ**-वालों आज आपके दिन में कुछ नयी यादें जुड़ेंगी। मां कालरात्रि की कृपा से ऑफिस में सबके साथ सामंजस्य बिठाने में आप सफल रहेंगे। परिवार के किसी काम को आप बखूबी निभाएंगे, जिससे परिवार के लोग आपसे खुश रहेंगे।

**मीन**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। बिजनेस में आपको मनचाहा मुनाफा मिलेगा। परिवार में सबके साथ आपको रिश्ते बेहतर बने रहेंगे। करियर में आपको आज किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगा।

# उत्तर-भारत की बहुत ही मशहूर 'कांजी वड़ा'

कांजी भारत का वसंत ऋतु का पेय है खासकर इसे होली के अवसर पर बनाया जाता है। तो आज हम यहां ट्रेडिशनल कांजी वड़े की रेसिपी जानेंगे।

## सामग्री :

250 ग्राम उड़द दाल, 50 ग्राम राई, 50 ग्राम हींग, 2 लीटर पानी (उबाल कर ठंडा किया हुआ), वड़े तलने के लिए तेल, स्वादानुसार नमक, सर्विंग के समय ऊपर से डालने के लिए थोड़ा काला नमक, भुना जीरा पाउडर, थोड़ी-सी कुटी हुई लाल मिर्च

## विधि :

सबसे पहले दाल को कई बार पानी से धोकर साफ करें। कुछ घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसका पानी निकालकर मिक्सी में बिना पानी डालें, पीस लें।

इस पिसी हुई दाल को हाथ से खूब फेटें, जिससे यह हलकी हो जाए, इसे जांचने के लिए एक कटोरी पानी में थोड़ी दाल डालें, अगर वह ऊपर तैर जाएगी तो समझें कि दाल वड़ों के लिए तैयार है।

अब कड़ाही में तेल डालें। गोल-गोल वड़े बना कर बीच तेल में डालते जाएं और मध्यम आंच पर सुनहरा होने तक तलकर निकालें। अब राई और हींग को पीस लें। इसे उबले व ठंडे किए पानी में मिलाएं।

इसमें नमक डालें।

इसे एक कांच के जार में डालें।

इसमें वडे डालकर कपड़े से दो-तीन दिनों के लिए ढक दें। रोज चलाएं जिससे यह फरमेंट हो जाए।

प्लेट में वड़ा रखकर कांजी का पानी डालें। ऊपर से काला नमक, जीरा और मिर्च डालकर सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 36

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 035 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | दटू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 36

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 035 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |